जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2014/1756 दिनांक.01.12.2014

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बंधित महाविद्यालय,
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः–स्वाध्यायी परीक्षार्थी (**Private Students**) प्रथम सेमेस्टर के नामांकन कराये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्वाध्यायी परीक्षार्थी (**Private Students**) के परीक्षा फार्म भराये जा रहे है। जिसके साथ ही स्वाध्यायी परीक्षार्थी का नामांकन भी कराया जा रहा है।

विशेष नोटः–

1. **स्नातक एवं स्नातकोत्तर के स्वाध्यायी** (**Private Students**) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म महाविद्यालय की आईडी पर उपलब्ध करा दिये गये हैं।
2. महाविद्यालय द्वारा छात्र का परीक्षा फार्म पिछले वर्ष की भांति ही भरा जावेगा। परीक्षा आवेदन पत्र भरने के उपरांत जब उक्त छात्र का परीक्षा आवदेन पत्र प्रिंट किया जावेगा, तब उसके साथ ही एक नामांकन का फार्म भी प्रिंट होगा। जिसमें छात्र का विवरण दिया गया होगा।
3. नामांकन शुल्क छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र पर दिया गया है। जिसे परीक्षा फीस के साथ ही एम0पी0ऑनलाईन के माध्यम से किसी भी क्योस्क पर जाकर छात्र द्वारा जमा कराया जा सकता है।
4. महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि छात्र नामांकन फार्म प्रिंट करने के पश्चात् उसमें दिया गया सम्पूर्ण विवरण को भरकर महाविद्यालय में तय सीमा में जमा करया है या नहीं।
5. परीक्षा फार्म एवं नामांकन फार्म जमा करने के पश्चात् महाविद्यालय केवल उन्हीं परीक्षा फार्म को अपडेट करें। जिसमें नामांकन हेतु पूछा गया सम्पूर्ण विवरण छात्र द्वारा भरा गया हो। एवं दस्तावेज लगाये गये हों।
6. महाविद्यालय सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एवं मध्यप्रदेश के बाहर से आये हुये परीक्षार्थियों का मूल प्रवजन–प्रमाण पत्र व मूल आर्हता की मूल प्रति हस्ताक्षरित स्थानान्तर प्रमाण पत्र संलग्न होने पश्चात् ही उक्त छात्रों के परीक्षा फार्म अपडेट करें। उक्त दस्तावेज ना लगाये जाने पर छात्र को परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जावेगी।
7. समस्त प्रकिया सम्पूर्ण करने के उपरांत महाविद्यालय परीक्षा फार्म एवं नामांकन फार्म की हार्ड कॉपी प्रथक–प्रथक कर परीक्षा फार्म परीक्षा विभाग में एवं नामांकन शाखा में तय सीमा में जमा करायें।

परीक्षा नियंत्रक